काशी विश्वनाथ धाम और UPSNA के बीच समझौता ज्ञापन

चर्चा में क्यों?

श्री काशी विश्वनाथ विशेष क्षेत्र विकास बोर्ड, महाशिवरात्रि जैसे विभिन्न अवसरों के दौरान **काशी विश्वनाथ धाम** में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिये **उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी** (**UPSNA**) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर करने के लिये तैयार है।

मुख्य बिंदु:

- लखनऊ में आयोजित एक वैश्विक कार्यशाला के दौरान, पवित्र **शहर के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य** पर सांस्कृतिक गतिविधियों के सकारात्मक प्रभाव पर एक प्रस्तुति पर ज़ोर दिया गया।
    - इसके बाद, **महाशिवरात्रि जैसे त्योहारों** और **सनातन कैलेंडर में प्रदोष** जैसी महत्त्वपूर्ण तिथियों पर आयोजित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में रंगों की एक विस्तृत शृंखला पेश करने का निर्णय लिया गया।
- UPSNA के निदेशक के अनुसार, अकादमी द्वारा काशी विश्वनाथ धाम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की एक व्यापक योजना शीघ्र ही राज्य सरकार को प्रस्तुत की जाएगी।
    - राज्य सरकार से मंज़ूरी मिलने के बाद प्रस्तावित MoU पर हस्ताक्षर करने के लिये धार्मिक कार्य विभाग के निदेशक और संभागीय आयुक्त की सहमति मांगी जाएगी।
    - MoU के अनुसार स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों को शामिल करके नई व्यवस्थाएँ बनाई जाएंगी।

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी (UPSNA)

- यह भारत के उत्तर प्रदेश राज्य में **संगीत, नृत्य और रंगमंच के प्रचार तथा संरक्षण** के लिये समर्पित एक प्रमुख संस्थान है।
- इसकी **स्थापना 13 नवंबर, 1963** को हुई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-between-kashi-vishwanath-dham-kda-and-upsna